हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

11 फतेहाबाद में विचार गोष्ठी में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव



12 देश में पहली बार होगी पूर्णतः डिजिटल जनगणना...



## खबर संक्षेप

### रतिया में दिन में एक बार ही मिलेगा पानी

**रतिया।** रतिया शहर में 21 अप्रैल से 5 मई तक पानी की आपूर्ति दिन में केवल एक बार की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने यह जानकारी दी है। दरअसल लाली रोड स्थित 6.5 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में चल रहे मरम्मत कार्य के कारण यह अस्थायी बदलाव किया गया है। विभाग के उपमंडल अभियंता अंचल जैन ने बताया कि एसटीपी में मरम्मत कार्य जारी है।

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** गांव चबलामोरी में बिजली ट्रांसफार्मर से सामान और तेल चोरी करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद की टीम ने आरोपी को दबोचा है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुखविन्द्र उर्फ घगु पुत्र बलवान सिंह, निवासी गांव महमदपुर सोत्र के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के भट्टू उपमंडल के एसडीओ विपिन कुमार की शिकायत पर की गई है। शिकायत में बताया गया था कि 5 अप्रैल की रात को चोरी की वारदात हुई थी।

### 7.25 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद ने शहर की कबीर बस्ती क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को 7.25 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल के प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि पुलिस टीम नए बस स्टैंड के पास गश्त और चेकिंग पर तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### जानलेवा हमला करने का 4 आरोपी दबोचे

**भूना।** भूना पुलिस ने ड्रीम पिज्जा के पास एक युवक पर हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला करने के मामले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय, गगन उर्फ घोड़ा, नसीब उर्फ टली निवासी भूना और प्रिंस निवासी असंध, करनाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह हमला आपसी रंजिश के चलते किया गया था।

### सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के निकट मोटरसाइकिल सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। वाहन चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां उपचार के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव शाहपुर बेगू निवासी गुरमेल सिंह के रूप में हुई है। गुरमेल सिंह डेरा सच्चा सौदा में नौकरी करता था। सोमवार देर शाम वह ड्यूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में एक वाहन ने उसको टक्कर मार दी।

### अलग-अलग मामलों में तीन तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जसकरण सिंह, रवि शंकर व गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई। इसके अलावा ओढां पुलिस ने गांव रताखेड़ा क्षेत्र से रविशंकर को चार ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। शहर थाना डबवाली पुलिस ने हेरोइन तस्करी में वांछित मुख्य तस्कर गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीते दिवस पुलिस ने दर्शन सिंह को करीब दस ग्राम हेरोइन सहित काबू किया था। इसके अलावा पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी पंजाब के बठिंडा निवासी मनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

## बिजली की डिमांड बढ़ने से बढ़ी निगम की चिंता

# 12 घंटे कटौती के बावजूद 29 लाख से 40 लाख यूनिट पहुंची प्रतिदिन की खपत


**जून से होगी धान की बिजाई, तब बिजली का बढ़ेगा संकट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान से जिले में बिजली की मांग बढ़ने लगी है। इन दिनों निगम के पास फ्रिक्वेंसी का लेवल 50.12 तक पहुंच गया है, जोकि 48 के नीचे आते ही बिजली के कट लगने शुरू हो जाएंगे। यहां पर पानीपत थर्मल से वाया नरवाना बिजली की आपूर्ति होती है। तापमान में जब बिजली की डिमांड बढ़ती है तो इसका सीधा असर लाइन पर पड़ता है। लाइन पर बोझ पड़ते ही फ्रिक्वेंसी का स्तर डाऊन आ जाता है। इन दिनों अप्रैल महीने की बात करे तो फरवरी से करीब 2 करोड़ यूनिट ज्यादा की मांग चल रही है। बता दें कि अभी गेहूं कटाई के सीजन के कारण गांवों में बिजली सप्लाई दिन के समय बंद रहती है। ऐसे में आगे धान का सीजन आने पर बिजली की कितनी मांग बढ़ेगी, यह सोचकर अभी से बिजली निगम के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरवरी मास में प्रतिदिन 29 लाख से 40 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिमांड थी जोकि मार्च में बढ़कर 35 लाख से 52 लाख तक यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच गई। अप्रैल में गेहूं का सीजन आया तो दक्षिण हरियाणा बिजली विद्युत निगम ने गांवों में 12 घंटे बिजली कटौती शुरू कर दी ताकि गेहूं की फसल को कोई नुकसान न पहुंचे। इस सबके चलते भी अप्रैल में कटौती के बावजूद 40 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिमांड आ रही है। बता दें कि जिला में करीब 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि पर धान की खेती होती है। धान की बिजाई 15 जून से शुरू होनी है। धान की फसल में पानी की अधिक आवश्यकता होती है और नहरों में पानी की कमी के चलते किसान ट्यूब्वेलों पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ेगी और बिजली के कट लगेंगे। इस बार तापमान अप्रैल में ही बढ़ने से निगम के अधिकारियों को चिंता सताने लगी है कि जून में इसकी भरपाई कैसे होगी। मानसून आने में अभी दो माह से अधिक का समय पड़ा है, अभी से बिजली की मांग बढ़ने से निगम को व्यवस्था बनाए रखना एक टेढी खीर साबित हो सकता है। बिजली निगम के फतेहाबाद सर्कल में फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना, भट्टू, जाखल पड़ते हैं।



फतेहाबाद। बिजली घर में फ्रिक्वेंसी दिखाता मीटर। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। भट्टू रोड पर स्थित 132 केवी सब स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

### लोड बढ़ने पर धीरे-धीरे बढ़ाई जाती है सप्लाई

लोड बढ़ने के साथ पीछे से लाइट की सप्लाई बढ़ा दी जाती है। 33 केवी पर जितनी क्षमता होती है, उससे कम की सप्लाई दी जाती है ताकि कोई नुकसान न हो। 132 केवी की क्षमता बढ़ाने का प्लान समय-समय पर बनाया जाता है। निगम के मुख्यालय से आदेशों के बाद यह काम निरंतर चलता रहता है।

-अशोक कुमार, एक्सईन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, फतेहाबाद

### 33 केवी की क्षमता बढ़ाई

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के फतेहाबाद सर्कल में इस समय 33 केवी के 65 से ज्यादा सब स्टेशन है। 132 केवी के 11 सब स्टेशन चल रहे है। बड़ी बात यह है कि यहां पर 33 केवी पर लोड बढ़ा तो निगम ने यहां ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ा दी। ऐसे ही अनेक 33 केवी सब स्टेशनों पर क्षमता बढ़ाई गई है। 132 केवी की क्षमता बढ़ाने पर अभी कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण यह कहा जा सकता है कि लोड बढने पर यहां बड़ा फाल्ट भी आ सकता है।

### उपभोक्ता इन नंबरों पर दर्ज करवा सकते हैं शिकायत

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के एक्सईन अशोक कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की बिजली से सम्बंधित शिकायत होने पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के टोल फ्री नंबर 1912, 1800-180-4334 तथा व्हाट्सअप नंबर 8813999708 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसके अलावा फतेहाबाद शहर से सम्बंधित शिकायत मोबाइल नंबर 9812201249 या 9812201247 पर दर्ज करवाई जा सकता है।



फतेहाबाद। काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते नगरपरिषद कर्मचारी।

## ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन

- नगरपरिषद कर्मचारियों गुस्सा दूसरे दिन भी सातवें आसमान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों का गुस्सा मंगलवार को दूसरे दिन भी सातवें आसमान पर रहा। अपनी जायज मांगों को लेकर सभी कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया और सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज के इस रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की। कर्मचारियों के इस कड़े रुख से शहर की सफाई व्यवस्था और आगामी दिनों में नागरिक सेवाओं पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उप-प्रधान रमेश तोषामड़ ने सरकार को सीधे शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा लेना बंद करे। हमारी लड़ाई ठेकेदारी प्रथा को जड़ से खत्म करने की है। यह प्रथा कर्मचारियों के शोषण का जरिया बन चुकी है। सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के बजाय उन सफाई कर्मचारियों और दमकल कर्मियों को पक्का करे, जो वर्षों से अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दे रहे हैं।

### आंदोलन होगा तेज

इकाई प्रधान नरेश राणा की अध्यक्षता में हुए इस प्रदर्शन में आंदोलन को और उग्र करने के लिए अगले चरण की घोषणा की गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो आंदोलन तेज होगा। इसी कड़ी में 24 और 25 अप्रैल को कर्मचारियों द्वारा शहर की सडक़ों पर 'आक्रोश झाड़ू प्रदर्शन' निकाला जाएगा। कर्मचारी हाथों में झाड़ू लेकर सरकार के खिलाफ रोष मार्च करेंगे। 1 और 2 मई को पूरे हरियाणा में दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी। इस दौरान सफाई व्यवस्था और दमकल सेवाएं पूरी तरह ठप रहेंगी। कर्मचारियों ने सरकार के सामने अपनी मांगों का चार्टर रखा है, जिसमें मांग की गई है कि 10 से 15 वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मचारियों और फायर ऑपरेटरों को तुरंत पक्का किया जाए। सभी कच्चे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर लिया जाए। कच्चे कर्मचारियों को भी पक्के कर्मचारियों के समान वेतन और सुविधाएं दी जाएं।

## दमकल कर्मियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

दमकल विभाग के कर्मचारियों का अपनी मांगों को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन अब और तेज होता जा रहा है। फतेहाबाद में अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल आज 14वें दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी 22 सूत्रीय मांगों पर सहमति नहीं बनती, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। आज के धरने की अध्यक्षता महेंद्र कड़वासरा ने की, जबकि संचालन इकाई प्रधान विनोद खिचड़ और राज्य सचिव सतबीर सहारण द्वारा किया गया।



फतेहाबाद। दमकल कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देते रिटायर्ड कर्मचारी।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी दिया समर्थन

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान रणधीर सिंह डबास और उप प्रधान कर्ण सिंह कुकना ने धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन जताया। साथ ही, आल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के मुंसी राम कंबोज, निहाल सिंह मताना, ओमप्रकाश सहारण, ओमप्रकाश डीएफओ, राजेंद्र पुलिस, बलराज सिंह बीडीओ, सुभाष चंद्र, प्रेम चंद पीटीआई, जगदीश चंद्र और आत्माराम कसाना जैसे वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराया।

## मंदबुद्धि बच्चे को परिजनों से मिलवाया

- फतेहाबाद पुलिस का मानवीय चेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने आज अपराध नियंत्रण से इतर इंसानियत की एक मिसाल पेश की है। राइडर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक 13 वर्षीय मंदबुद्धि बालक को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली और सूझबूझ की पूरे शहर में सराहना हो रही है। मामला मंगलवार दोपहर का है, जब सिरसा से हिसार की तरफ जा रही एक बस पुराने बस स्टैंड पर रुकी। बस से उतरी कुछ स्कूली छात्राओं ने देखा कि उनके साथ एक छोटा बच्चा उतरा है जो बुरी तरह रो रहा है। छात्राओं ने तुरंत ड्यूटी पर तैनात राइडर नंबर-2 की टीम को इसकी सूचना दी। पुलिस ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और बच्चे को अपनी सुरक्षा में ले लिया।



फतेहाबाद। बच्चे को उसके परिजनों को सौंपते पुलिस कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### सोशल मीडिया का लिया सहारा

पुलिस टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती बच्चे का पता मालूम करना थी। बच्चा घबराहट के कारण अपना पता नहीं बता पा रहा था, वह केवल अपने पिता का नाम विजय ही बोल पा रहा था। राइडर टीम ने स्थिति को भांपते हुए बच्चे की तस्वीर पुलिस के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप्स और सोशल मीडिया नेटवर्क पर साझा की। पुलिस की यह रणनीति कारगर रही। गांव भोडिया खेड़ा में तैनात होमगार्ड के जवानों ने बच्चे को पहचान लिया और पुष्टि की कि बच्चा उनके गांव का है। इसके बाद पुलिस ने तत्काल परिवार का मोबाइल नंबर हासिल कर उनसे संपर्क साधा।

**चौपाल का ताला न खोलने पर मर्डर का मामला**

## हत्यारे को सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने हत्या के एक गंभीर मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी प्रेम सिंह निवासी गांव डांगरा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रेम सिंह पर 11 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। अदालत में चले मामले के अनुसार यह मामला वर्ष 2022 टोहाना के डांगरा गांव का है। आरोपी प्रेम सिंह के खिलाफ मृतक शीशपाल के भतीजे मनोज कुमार निवासी गांव डांगरा की शिकायत पर टोहाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। जिसमें लंबी कानूनी प्रक्रिया और गवाहों के बयानों के बाद कोर्ट ने आज अपना अंतिम निर्णय दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल व सहायक जिला न्यायवादी डा. नरेंद्र सिंह ने पैरवी की। जिला न्यायावादी देवेन्द्र मित्तल ने बताया कि 12 जनवरी 2022 को गांव डांगरा में चौपाल का ताला खोलने को लेकर विवाद हुआ था।

## चन्द्रावल में प्लाटों की नीलामी में ग्राम सचिव को जड़ा थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

चन्द्रावल ग्राम पंचायत की बोली प्रक्रिया के दौरान हंगामा करने, ग्राम सचिव के साथ मारपीट करने और सरपंच को धमकी देने के आरोप में थाना भूना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से सरकारी कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने राहत की सांस ली है। थाना भूना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरी घटना 20 अप्रैल की है। ग्राम सचिवालय चन्द्रावल में शामलात भूमि के प्लॉटों की नीलामी की आधिकारिक प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान सरपंच शलेन्द्र सिंह और ग्राम सचिव जयपाल सिंह अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। नीलामी के दौरान किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। ग्राम सचिव जयपाल सिंह और सरपंच शलेन्द्र सिंह द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी प्रेम कुमार ने न केवल सरकारी काम में अड़ंगा डाला, बल्कि उग्र होते हुए ग्राम सचिव को थप्पड़ जड़ दिया।

## पेंशन कर्मचारी का मौलिक अधिकार : बेगराज

- फतेहाबाद में पेंशनर्स का प्रदर्शन, डीसी के माध्यम से पीएम को भेजा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला इकाई द्वारा फतेहाबाद में जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया। सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी की और डीसी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान भोला सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन जिला सचिव बेगराज ने किया। कर्मचारी नेता बेगराज ने स्पष्ट किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार पेंशन कोई दया की भीख नहीं, बल्कि कर्मचारी का मौलिक अधिकार है। सरकार इसे राजकोषीय घाटा या बोझ बताकर अपने संवैधानिक दायित्व से भाग नहीं सकती। पेंशनर्स ने मांग की कि कोरोना काल के दौरान रोके गए 18 महीने के महंगाई भत्ते को ब्याज सहित तुरंत जारी किया जाए।



फतेहाबाद। मांगों को लेकर धरना देते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : डीसी ने विद्यार्थियों को दवा खिलाकर शुरू किया अभियान

# नौनिहालों को कृमि संक्रमण से बचाना जरूरी 3 लाख से अधिक बच्चों को कवर करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिले में आज बच्चों के सुखद स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ हुआ। डीसी डॉ. विवेक भारती ने फतेहाबाद के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को टेबलेट खिलाई। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की। डीसी डॉ. भारती ने कहा कि बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। इस अभियान के अंतर्गत 3 लाख से अधिक बच्चों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है।



फतेहाबाद। बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

### सभी बच्चों की पूर्ण कवरेज सुनिश्चित की जाए।

डीसी ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों की पूर्ण कवरेज सुनिश्चित की जाए। आशा कार्यकर्ताओं को स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें भी अभियान में शामिल करने के निर्देश दिए। अभियान के सफल संचालन के लिए सभी ब्लॉक में माइक्रोप्लानिंग, समन्वय बैठकें और दैनिक रिपोर्टिंग की व्यवस्था की गई है। डीसी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस अभियान में अवश्य शामिल करें ताकि वे कृमि संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जी सकें।



## बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना जरूरीः सिविल सर्जन

**सिरसा।** बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में मंगलवार को राष्ट्रीय क्रीमी मुक्त दिवस एवं आगामी 5 मई को माप अप दिवस मनाया जाएगा। पूरे जिले में 1 साल से 19 साल तक के 449013 बच्चों को एलबेंडाजॉल की गोलियां खिलाई जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. पवन व डॉ.राजेश चौधरी व डॉ. संदीप सिंह ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर मौजूद अभिभावकों को कहा की यह गोली एक साल से उपर की उम्र का कोई भी व्यक्ति खा सकता है। इससे कोई दुष्प्रभाव नहीं है। उन्होंने बताया कि बच्चे हमारे राष्ट्र व समाज का भविष्य है इसलिए उनका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। हरियाणा सरकार अपना भविष्य को स्वस्थ व सुरक्षित करने के लिए समय समय पर ऐसे अभियान चलाते हैं, ताकि भारत जैसे विकासशील देश के भविष्य कुपोषण व अनीमिया से ग्रस्त न हो बल्कि स्वस्थ हो।



# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

## लाइफ Style



# दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

## हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

## टीवी मसाला





# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।



# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*



**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के। आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत



**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*नई दिल्ली। 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया प्रेरित

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए एल्बेंडाजोल टेबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि यह वितरण राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आंतों में होने वाले कीड़ों से बचाव के लिए जागरूक करना तथा उनके समग्र स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाना है।

### चेक बाउंस के दो वांछित किए गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में दो वांछित भगोड़े आरोपियों को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। बस स्टैंड चौकी प्रभारी रणसिंह ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी श्रवण कुमार को बीती 19 जुलाई 2025 को पीओ घोषित किया था। वहीं दूसरे आरोपी सरबिंद्र प्रसाद को बीती 31 अगस्त 2024 को पीओ घोषित किया था।

### जर्मनी भेजने के नाम पर 26 लाख रुपये की ठगी

**सिरसा।** शाहपुर बेगु की सुखविंद्र कौर ने आरोप लगाया कि बुआ, उसकी बेटी और प्रेम सिंह ने जर्मनी भेजने के नाम पर कुल 26.5 लाख रुपये की ठगी की। उन्होंने अपनी बेटी का आईईएलटीएस करवाया और वीजा, टिकट व पढ़ाई के नाम पर सोने व नकद रकम दी। बुआ और प्रेम सिंह ने दस्तावेज़ ले लिए और बार-बार अतिरिक्त पैसे मांगते रहे। अंततः वीजा नकली निकला। पैसे और कागजात लौटाने में धमकियां दी गईं। आर्थिक अपराध शाखा की सिफारिश पर शहर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है, और मामले की जांच जारी है।

### बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर 24 को

**सिरसा।** डबवाली के संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस आगामी 24 अप्रेल को श्रद्धा, समर्पण और प्रेममय वातावरण में मनाया जाएगा। निरंकारी साध संगत चौटाला के मुखी डॉ. राजेंद्र यादव ने बताया कि बुराड़ी स्थित सरोवर के सम्मुख सतगुरु सुदीक्षा एवं राजपिता रमित के पावन सानिध्य में एक भव्य एवं दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### ग्लोबल स्टडी प्वाइंट का जेईई में शानदार प्रदर्शन

**ओढां।** जेईई मेन सेशन-2 के घोषित परिणामों में शिक्षण संस्थान ग्लोबल स्टडी प्वाइंट इंस्टीट्यूट ओढ़ा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संस्थान के विद्यार्थियों ने बेहतरीन परिणाम देकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संस्थान से 25 विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 18 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। यह उपलब्धि किसी भी संस्थान के लिए बेहद गौरवपूर्ण मानी जा रही है।

### ई-कॉमर्स वेबसाइट पर हो रहे फ्रॉड से बचें: एसपी

**सिरसा।** पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग करते समय केवल विश्वसनीय और प्रमाणित ई-कॉमर्स वेबसाइट का ही उपयोग करें, ताकि उनकी निजी जानकारी सुरक्षित रहे और वे साइबर धोखाधड़ी से बच सकें। उन्होंने बताया कि आज के आधुनिक दौर में ऑनलाइन शॉपिंग लोगों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। घर बैठे खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर अन्य आवश्यक सामान कुछ ही समय में उपलब्ध हो जाता है। लेकिन इस सुविधा के साथ-साथ साइबर ठगी के मामलों में भी बढ़ोतरी हो रही है।

---

### फतेहाबाद में विचार गोष्ठी में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

# एआई के बढ़ते उपयोग के बीच विश्वसनीयता व नैतिकता बनाए रखना जरूरी : सांगवान





**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। मुख्यातिथि डीसी डॉ. विवेक भारती को स्मृति चिहन भेंट करते डीआईपीआरओ दिनेश कुमार।

**मीडिया-जनसंपर्क समन्वय पर जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, फतेहाबाद द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मीडिया-जनसंपर्क सामंजस्य विषय पर प्रभावशाली विचार गोष्ठी का आयोजन लघु सचिवालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ पत्रकारों, विभागीय अधिकारियों, शिक्षाविदों एवं जनसंपर्क विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समसामयिक विषयों पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अमित सांगवान ने कहा कि एआई के उपयोग के बीच तथ्यात्मकता, विश्वसनीयता और नैतिकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मीडिया की साख कायम रह सके।

#### स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील

उपायुक्त ने कहा कि यदि इन दोनों के बीच समन्वय मजबूत हो, तो सरकारी नीतियों, योजनाओं और जनहितकारी पहलों की जानकारी पारदर्शी और प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज के सूचना-प्रधान युग में सटीक, तथ्यात्मक और समयबद्ध सूचना का प्रसारण न केवल प्रशासन की विश्वसनीयता को बढ़ाता है, बल्कि नागरिकों के विश्वास को भी सुदृढ़ करता है। डीसी डा. विवेक भारती ने विशेष रूप से मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे चल रही स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति आमजन में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं, ताकि अधिकाधिक लोग इस महत्वपूर्ण जनगणना कार्य में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि मीडिया के सहयोग से यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

#### नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विभाग निरंतर जनहित से जुड़ी सूचनाओं को समय पर और प्रभावी तरीके से प्रसारित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि भविष्य में इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, ताकि आपसी समन्वय और अधिक सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर डीआईपीआरओ सिरसा रामनाथ, एआईपीआरओ डा. विनय बेनीवाल, एआईपीआरओ नरेन्द्र सोनी सहित मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

#### एआई टूल्स से सूचना को बनाया जा सकता है अधिक प्रभावी

मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के जनसंपर्क निदेशक डॉ. अमित सांगवान ने मीडिया और जनसंपर्क के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक मीडिया तकनीकों का है, जिसने सूचना के निर्माण और प्रसारण के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने बताया कि एआई आधारित टूल्स, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से सूचना को अधिक प्रभावी, लक्षित और त्वरित तरीके से आमजन तक पहुंचाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी जोर दिया कि तकनीक के इस बढ़ते उपयोग के बीच तथ्यात्मकता, विश्वसनीयता और नैतिकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मीडिया की साख कायम रह सके।

---



**सिरसा।** विद्यार्थियों को फोटोग्राफी की बारीकियां बताते हुए।

## विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी की पेशेवर बारीकियां सीखीं

- चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित फोकस एंड फ्रेम-मीडिया फोटोग्राफी कार्यशाला में विद्यार्थियों को पेशेवर दुनिया की बारीकियों से रूबरू करवाया गया। यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के डीन प्रो. किदवई ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को बाहर लाने और उन्हें एक सफल मीडिया प्रोफेशनल के रूप में तैयार करने में मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्य सत्र में वेडिंग फोटोग्राफर और सिनेमैटोग्राफर ऋषव गोयल ने कहा कि एक पत्रकार या पेशेवर फोटोग्राफर के लिए यह समझना जरूरी है कि फ्रेम में क्या रखना है और उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि फ्रेम से बाहर क्या रखना है। उन्होंने बताया कि कैसे एक साधारण सी दिखने वाली तस्वीर को सही लाइटिंग और एस्थेटिक सेंस के जरिए प्रभावशाली बनाया जा सकता है। द्वितीय सत्र में विशेषज्ञ मुनकाशिफ हसन ने विद्यार्थियों को सेंसर तकनीक के विकास और पिक्सेल की गुणवत्ता के बारे में समझाते हुए बताया कि कैसे सही लेंस का चुनाव एक धुंधली तस्वीर को भी मास्टरपीस में बदल सकता है।

#### ऑन-फील्ड फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी करवाई

कार्यशाला में विद्यार्थियों की रचनात्मकता को परखने के लिए एक ऑन-फील्ड फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न दृश्यों को कैमरे में कैद करने के लिए 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कोमल शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट और तकनीकी रूप से संतुलित तस्वीरों के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. विकास कुमार द्वारा किया गया।

---

## जल संरक्षण से संबंधित सभी तैयारियां करें पूर्ण : उपायुक्त

### जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने जल शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें तथा किए गए कार्यों को जीओ-टैगिंग के साथ अभियान के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। वे मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा पिछले वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी लक्ष्यों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जल शक्ति अभियान को जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि आमजन की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके तहत प्राकृतिक जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्जीवन किया जाना है। इसके साथ ही समाज में जल के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी आवश्यक है।

---

## मंडी व्यवस्था की 'अंगूठे' वाली चोट : भट्टू में बॉयोमैट्रिक के लिए पहुंची बीमार बुजुर्ग महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

तस्वीर में दिख रही बुजुर्ग महिला की आंखों में न केवल बीमारी की थकान है, बल्कि उस व्यवस्था के प्रति आक्रोश भी है जो फाइलों में 'सुविधा' और धरातल पर 'दुश्वारी' कहलाती है। जिले की मंडियों में इन दिनों फसलों की सरकारी खरीद तो चल रही है, लेकिन सरकार द्वारा थोपी गई 'बायोमेट्रिक पहचान' जैसी शर्तों ने किसानों के पसीने छुड़ा दिए हैं। यह कहानी केवल एक वृद्ध महिला की नहीं है, बल्कि उन हजारों किसानों की है जिन्हें अपनी ही फसल बेचने के लिए 'अपराधी' की तरह पहचान साबित करनी पड़ रही है। अखिल भारतीय किसान सभा के नेता विष्णु दत्त ने जब एक बीमार और बुजुर्ग महिला की तस्वीर साझा की, तो डिजिटल व्यवस्था का क्रूर चेहरा सामने आ गया। मंगलवार को इस महिला को अपने गांव से मिलों दूर भट्टू कलां मार्केट कमेटी के दफ्तर इसलिए लाया गया क्योंकि सरकारी पोर्टल पर बिना उनके बायोमेट्रिक यानि अंगूठे के निशान के फसल की खरीद संभव नहीं थी।



**भट्टूकलां।** कमेटी कार्यालय में बॉयोमेट्रिक के लिए पहुंची बीमार बुजुर्ग महिला।

#### किसानों का डिजिटल उत्पीड़न : विष्णू दत्त

विष्णु दत्त कहते हैं, सरकार लाउडस्पीकर पर चिल्ला रही है कि किसानों को कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन क्या एक बीमार बुजुर्ग को घर से उठाकर मंडी लाना सुविधा है, यह डिजिटल इंडिया नहीं, बल्कि किसानों का डिजिटल उत्पीडन है। किसान सभा का तर्क है कि मंडी में चर्चा आम है कि जब फसल किसान की है, जमीन का रिकॉर्ड सरकार के पास है, तो फिर एक बीमार बुजुर्ग को तपाती धूप में बायोमेट्रिक के लिए दफ्तरों के

---

### बाल भवन में गतिविधियों का किया निरीक्षण



**फतेहाबाद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने मंगलवार को जिला बाल कल्याण परिषद बाल भवन में सुचारू रूप से चलाई जा रही सभी गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिलाई कक्षा में 25, ब्यूटी पार्लर कक्षा में 8, कंप्यूटर कक्षा मंथ 33 बच्चे तथा माडॅल डे केयर केन्द्र में 14 बच्चे उपस्थित पाए गए। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा चलाई जा रही इन गतिविधियों का अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

### किसानों के लिए धीमा उठान बना मुसीबत: गर्ग



**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अनाज मंडी का दौरा किया और खरीद व उठान प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रदेश व्यापार मंडल के शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने बताया कि मंडी में धीमे उठान को लेकर ठेकेदार से बातचीत की गई तो उसने बताया कि गाडियां गोदामों में भरी खड़ी है, जिस कारण उठान में समस्या आ रही है। यही नहीं चावल की लोडिंग के चलते भी गाडियों की शॉर्टेज है और गोदामों में लेबर की कमी कोढ़ में खाज का काम कर रही है। उन्होंने ठेकेदारों से व जिला प्रशासन से मांग है कि गाडियों कि संख्या ज्यादा से ज्यादा बढ़ाई जाए, ताकि गेहूं का उठान समय पर किया जा सके।

### महिलाओं को राजनीति में प्रतिनिधित्व नहीं



**सिरसा।** पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने मंगलवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 में ये बिल सर्वसम्मति से पास हुआ था, उस समय भी इसमें कुछ शर्तें रखी गई थी। नई संसद में सबसे पहले यही बिल पास हुआ था। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की तस्वीर महिलाओं की भागीदारी से ही स्पष्ट झलक रही थी, लेकिन विपक्ष को सरकार का ये ऐतिहासिक कदम रास नहीं आया। सुनीता दुग्गल ने कहा कि विपक्ष का रवैया शुरू से ही नकारात्मक रहा है। विपक्ष चाहता तो कभी का इसे पारित किया जा सकता था, लेकिन विपक्ष महिलाओं को प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहता। उनकी मंशा महिलाओं को वोटिंग लाइन में ही खड़ा करने की है। इस बिल को लेकर महिलाओं व बेटियों को आशाएं बहुत थी, कि अब वे राजनीति में अपना हक बखूबी प्राप्त कर सकेंगी, लेकिन उन्हें इस बिल के पारित न होने से गहरा धक्का लगा है।

---

### स्कूल टॉपर सुहनी को किया सम्मानित

**सिरसा।** करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सर्विसेज द्वारा सुहनी बियानी को दसवीं कक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा अपने विद्यालय में टॉप रैंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सुहनी बियानी सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है और वह करियर काउंसलिंग के लिए इस संस्था से जुड़ी हुई थी। संस्था की डायरेक्टर डॉ. सरोज गोयल द्वारा सुहनी की गहन काउंसलिंग की गई, जिसमें उसकी रुचि, क्षमता एवं भविष्य की संभावनाओं का विस्तृत विश्लेषण किया गया। काउंसलिंग के आधार पर उसे मेडिकल क्षेत्र में आगे बढने की सलाह दी गई। सुहनी के पिता गौतम बियानी एवं माता दिव्या बियानी ने इस मार्गदर्शन पर विश्वास

## ट्रस्ट ने 105 विद्यार्थियों को बांटीं पुस्तकें

### बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक का पुस्तक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वैलफेयर ट्रस्ट का अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती के पावन अवसर पर बुक बैंक का दूसरा पुस्तक वितरण समारोह श्री गोशाला में आयोजित किया गया। ट्रस्ट के महासचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने बाबा सरसाईंनाथ, मां सरस्वती व भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने की। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने बुक बैंक की जो पिछले 5 वर्ष से सिरसा जिला के जरूरतमंद विद्यार्थियों की सेवा कर रहा है की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक द्वारा सुरेंद्र कुमार शेरपुरा को गोल्ड मैडल जीतने पर शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने पैरा थ्रो बॉल मैच सीरीज एशिया लेवल पर जो इंडोनेशिया में आयोजित की गई थी, में गोल्ड मैडल जीता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी व उपाध्यक्ष प्राचार्य शमशेर शर्मा ने बताया कि आज 105 विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्टेशनरी व निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया।



**सिरसा।** ट्रस्ट जरुरतमंद बच्चों को किताबें वितरित करते हुए।

### हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

**ओढां।** पुलिस ने हत्या का प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि गांव सुखचैन निवासी तरसेम सिंह पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई वह खेत से हरा चारा लेने जा रहा था। रास्ते में दो मोटरसाइकिलों पर सवार 5-6 अज्ञात युवक उसकी ढाणी के पास रुके और उसकी ओर बढने लगे। इसी दौरान एक युवक ने उस पर तीन फायर किए। जान बचाने के लिए वह भागकर ढाणी में घुस गया। घर में शोर सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर बड़ागुढा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और अवैध हथियार का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

---



## आरपीएस के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर पाया

### जेईई मेन के परीक्षा में शानदार परिणाम

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.956 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर अंक की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ। एकबार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, इंटरनेशनल ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम की खान है। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया कि मयंक कुमार ने 99.95 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.88, लक्ष्य गर्ग ने 99.88, उत्सव कुमार ने 99.85, वैभव महता ने 99.83, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भारद्धाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.75, अंशुल ने 99.73, रूद्रबल ने 99.72, रजत मनेठिया ने 99.67, ईशांत ने 99.67, प्रिया चौधरी ने 99.63 अंक प्राप्त किए।

---

### एसडीएम ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## मरीजों से इलाज व स्टाफ के व्यवहार का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में स्थापित पानी की टंकियों की भी विशेष रूप से जांच कर टंकियों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और स्टाफ को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया और भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से इलाज, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों व स्टाफ के व्यवहार तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल में मिल रही सेवाओं पर संतोष जताया, वहीं कुछ ने अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनका उन्होंने मौके पर ही संज्ञान लिया।



**रतिया।** नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम।

#### समय पर उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाएं तथा मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक उपकरणों के सुचारू संचालन के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं, ओपीडी व्यवस्था सहित विभिन्न वार्डों का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में युवक घायल

**चोपटा।** खंड के गांव माखोसरानी में ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल को नाथूसरी चौपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया गया है जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद सिरसा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय रिंकू पुत्र हंसराज निवासी रुपाणा विश्नोइयां नाथूसरी चौपटा में भाई व भाभी को छोड़कर वापस अपने गांव जा रहा था। इस दौरान माखोसरानी गौशाला के पास ट्रैक्टर के पीछे जुड़े रोटावेटर से बाइक टकरा गई।

### आईडीएफसी बैंक प्रकरण पर उठाए सवाल

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में कथित 590 करोड़ के आईडीएफसी बैंक प्रकरण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आर्थिक अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी एजेंसी स्वयं अदालत में प्रणालीगत विफलता की बात रखती है, तो यह संकेत है कि निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रही है।

### अनुदान का लाभ लेने के लिए 25 तक करें आवेदन

**सिरसा।** फसल विविधिकरण राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत जिला में हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार एकड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा ढेंचा की बिजाई पर किसानों को बीज पर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान का लाभ लेने के लिए 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा।

### नागरिक अस्पताल में जागरूकता शिविर

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को नागरिक अस्पताल मे कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि शिविर में डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह गिल ने आमजन को नालसा की स्कीम - लीगल सर्विस टू पर्सन विद मेंटल इलनेस एंड पर्सन्स विथ इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी 2024 पर आमजन को जागरूक किया।

### फूलचंद जी महाराज की 25वीं पुण्यतिथि 26 को

**रतिया।** संत शिरोमणि स्वामी फूलचंद महाराज की 25वीं पुण्यतिथि 26 अप्रैल, रविवार को बुढलाड़ा रोड स्थित जैन समाधि पर श्रद्धा, तप व त्याग के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई जाएगी। यह जानकारी जैन समाधि संस्था के प्रधान सुरेश जिंदल, महामंत्री कैलाश जैन तथा कोषाध्यक्ष मोहन जैन ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि रतिया में विराजमान ज्योतिष आचार्य उप प्रवर्तक सत्य प्रकाश महाराज एवं सेवाभावी समर्थ मुनि महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सरपंचों, ग्राम सचिवों और विद्यार्थियों को स्व-गणना अभियान में योगदान के लिए किया प्रेरित

# देश में पहली बार होगी पूर्णतः डिजिटल जनगणना, मोबाइल ऐप से होगा डाटा संग्रह

**33 प्रश्नों के उत्तर देकर 15 से 20 मिनट में प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी, घर-घर जाकर होने वाली लंबी पूछताछ से राहत मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिले में जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत सीएमके महाविद्यालय में छात्राओं को, बीडीपीओ कार्यालय में सरपंचों व ग्राम सचिवों को तथा आरोही स्कूल नाथूसरी चौपटा में विद्यार्थियों को स्व-गणना अभियान में योगदान के लिए प्रेरित किया।

डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर हिमांशु शर्मा ने बताया कि नागरिक पोर्टल के माध्यम से सुरक्षित रूप से अपने परिवार का डाटा दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल 16 अप्रैल से शुरू हो चुका है और निर्धारित अवधि तक उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि सफलतापूर्वक फॉर्म जमा करने पर प्रत्येक परिवार को एक यूनिक 11 अंकों की स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे बाद में सत्यापन के दौरान जनगणना प्रगणक को दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिए पहले मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा और लगभग 33 प्रश्नों के उत्तर देकर 15 से 20 मिनट में प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। इससे घर-घर जाकर होने वाली जनगणना के दौरान लंबी पूछताछ से भी राहत मिलेगी।



सिरसा। स्व-गणना जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सहायक ललित कुमार ने बताया कि जिलावासी 30 अप्रैल तक स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर जनगणना कार्य में सहयोग करें।

यह सुविधा पहली बार जनगणना में दी गई है, जिससे नागरिक स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, इसमें जनगणना कर्मी मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा संग्रह करेंगे और जानकारी सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपडेट होगी। जो लोग ऑनलाइन सुविधा का उपयोग नहीं कर पाएंगे, उनके लिए पारंपरिक तरीके से घर-घर जाकर जनगणना की जाएगी।

### डीसी ने किया स्व-गणना प्रशिक्षण का निरीक्षण

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीसी ने प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी को स्वगणना करने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वगणना प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। ऐसे में सभी अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया में भाग लें और सही जानकारी उपलब्ध करवाएं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वगणना के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दें, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोग इसके बारे में जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ इस कार्य को पूर्ण किया जाए।



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में स्वगणना को लेकर आयोजित वर्कशॉप को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### बीएड कॉलेज में 'स्व-गणना' पर कार्यशाला, छात्रों को किया जागरूक

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा आज कॉलेज की आईसीटी लैब में जनगणना 2027 के संदर्भ में शुरू हुई 'स्व-गणना' को लेकर विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कॉलेज के स्टाफ और विद्यार्थियों को स्व-गणना की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। कॉलेज प्रशासन द्वारा वर्कशॉप से पहले भी विद्यार्थियों को स्व-गणना और संबंधित पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई थी। इसी क्रम में आज की वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों से पोर्टल के उपयोग को लेकर फीडबैक लिया गया। विद्यार्थियों ने पोर्टल चलाते समय आने वाली अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कॉलेज के कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा बताए गए फीडबैक पर गौर करते हुए उनकी सभी शंकाओं को दूर किया। उन्होंने पोर्टल पर फॉर्म भरने की स्टेप-बाय-स्टेप विधि का लाइव प्रदर्शन किया और तकनीकी बारीकियों को समझाया ताकि भविष्य में डेटा प्रविष्टि में कोई त्रुटि न हो। इससे पूर्व, कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या ने विद्यार्थियों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सटीक डेटा संग्रह को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की मजबूती के लिए अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से शुरू हुआ स्वगणना अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान नागरिक ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य करें। इस कार्यशाला में कॉलेज के स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने न केवल पोर्टल की कार्यप्रणाली को समझा, बल्कि अपनी समस्याओं का समाधान पाकर इस प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प भी लिया।



सिरसा। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग। फोटो : हरिभूमि

### पेंटिंग प्रतियोगिता में रोशन रहा अव्वल

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एंटी-ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ओपन वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अंशु उप्पल ने की। प्रतिभागियों ने अपनी पेंटिंग्स में युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। प्राचार्या ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं तथा समाज में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में भागीदारी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मंजू देवी ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के संदेश को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया।

### राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस मनया

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस बड़े हर्ष, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा चार व कक्षा सात के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र सेवा, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं नेतृत्व की भावना को जागृत करना था। सभा का मंच संचालन वंशिका ने आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली शैली में किया। कियाना, झनवी व गोपाल ने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि ईमानदारी, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा ही सच्ची राष्ट्र सेवा की पहचान है। कनिषा व मंयक ने ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक भाषण देकर सिविल सेवकों के दायित्वों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का वर्णन किया। भारविका, नव्या व अभिमन्यु ने इस आईपीएस, आईएएस, आईएफएस के पूर्ण नाम एवं उनके आदर्श वाक्यों की रोचक जानकारी देकर सभी का ज्ञानवर्धन किया। हरगुन ने राष्ट्रीय सिविल सेवा से संबंधित स्पेलिंग पूछ कर उपस्थित विद्यार्थियों में उत्साह एवं आनंद का वातावरण बना दिया।




फतेहाबाद। कार्यक्रम में भाग लेते क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी।



फतेहाबाद। जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई करने वाले पायनियर के छात्र।

### 20 विद्यार्थी जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई

**फतेहाबाद।** कल घोषित हुए जेईई मेन्स 2026 सेशन-2 के परिणाम में पायनियर कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद के 20 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। यह उपलब्धि विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के निदेशक विजय निर्मोही, निशांत निर्मोही, प्राचार्या गीतिका मेहता, वाइस प्रिंसिपल मैत्री निर्मोही, तनु भाटिया तथा शिक्षक रोहित, दिलप्रीत और नवीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 11 विद्यार्थियों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्र देव वधवा ने 99.88 पर्सेंटाइल हासिल कर जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि गणित विषय में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। मयंक जांगड़ा ने 99.04 पर्सेंटाइल प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा परीक्षित ने 98.44 पर्सेंटाइल प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया तथा बताया कि उनका अगला लक्ष्य जेईई एडवांस में बेहतर रैंक प्राप्त करना है।

### एसडीएम ने दौरा कर अतिक्रमण हटवाया

**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण को हटवाया गया। इस दौरान एसडीएम ने कई दुकानदारों द्वारा सडक़ एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को मौके पर ही हटाया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस टीम और नपा अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान काटे जाएं और आवश्यकतानुसार जुर्माना भी लगाया जाए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि अतिक्रमण के कारण जनता को आवागमन में परेशानी होती है।



सिरसा। पीड़ित को घर में प्रवेश करवाते हुए किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

### लोन कंपनी का ताला तोड़ा, परिवार को मिला घर

**सिरसा।** गांव फूलकां में लोन की राशि नहीं भरने के कारण फाइनेंस कंपनी द्वारा अमर सिंह के घर की गई तालाबंदी को मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा की अध्यक्षता में तोड़ कर मजदूर परिवार को घर वापसी करवाई। प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा ने बताया कि गांव फूलकां निवासी अमर सिंह फूलकां ने गृहशक्ति फाइनेंस कंपनी से 7,91000 रुपए लोन लिया था, जिसकी निरंतर किस्तें भी भरता रहा है। अमर सिंह की गाड़ी जो किराए पर चलाकर वह घर चलाता है और बैंक की किस्त भरता है, वो गाड़ी एक्सीडेंट हो गई। हादसे में अमर सिंह को गंभीर चोटें लगी, जिसके इलाज पर काफी पैसा लगा और काम बंद हो गया, जिस कारण वो 3 किस्त नहीं भर सका। कंपनी ने उसके हालात को नजरअंदाज कर के 13 मार्च 2026 को परिवार को घर से बाहर निकाल कर घर के मुख्य गेट को ताला लगा दिया। मजदूर ने समस्या बाबत राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा से संपर्क किया। प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसान एकत्रित हुए और अमर सिंह के घर के मेन गेट का ताला तोड़ कर परिजनों को गृह प्रवेश करवाया।

### सरकारी स्कूलों का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों के पूर्ण उपयोग पर जोर दिया। डीसी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ दिलाएं। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और अधिकारियों का पूर्ण समर्पण आवश्यक है।डीसी ने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों का नियमित और औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड-डे मील, स्मार्ट क्लास, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है।



फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम मोबाइल सौंपते एसपी निकिता खट्टर।

### गुम हुए 10 मोबाइल मालिकों को लौटाए

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गुम हुए 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के निर्देशन में साइबर थाना पुलिस ने इन मोबाइल फोनों को ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया, जिससे शहरवासियों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन व्यक्तिगत रूप से लौटाए। बरामद किए गए इन 10 फोनों की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। एसपी ने कहा, तकनीक तभी सार्थक है, जब उससे जनता को राहत मिले। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही पुलिस की प्राथमिकता है। साइबर थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने इन फोनों को रिकवर करने के लिए आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों का सहारा लिया। टीम ने आईएमईआई ट्रैकिंग, लोकेशन विश्लेषण और डिजिटल सर्विलांस के माध्यम से इन गुम हुए फोनों को सफलतापूर्वक ट्रेस किया।

### घर में घुसकर हमला करने और एससी/एसटी एक्ट में 4 गिरफ्तार



**भट्टूकलां।** घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, तोड़फ़ोड़ करने और जातिसूचक गालियां देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई डीएसपी जगदीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अमल में लाई गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दुष्यंत निवासी कुम्हारिया, सिरसा, सुनील उर्फ सन्नी फाइटर, सुनील उर्फ कालू और सोनू निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए लोहे के पाइप भी बरामद कर लिए हैं। डीएसपी जगदीश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भट्टूकलां निवासी सूरजप्रकाश ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 9 अप्रैल की रात करीब 2 बजे आरोपी एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए और जबरन सूरजप्रकाश के घर में घुस गए। हमलावरों ने पीड़ित को घसीटकर घर से बाहर निकाला और लोहे के पाइप व डंडों से बेरहमी से पीटा। बीच-बचाव करने आए रिश्तेदारों पर भी हमला कर उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाई। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट कार में भी तोडफ़ोड़ की और पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना भट्टूकलां में केस दर्ज किया गया था। अब इस मामले में पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी की और चारों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस अब इस मामले में अन्य संभावित संलिप्तताओं की जांच कर रही है।

### बीडीपीओ ने पास की आरएएस की परीक्षा

**चोपटा।** नाथूसरी चौपटा के बीडीपीओ डा. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा ने प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा में 279वीं रैंक हासिल की है। राजस्थान के सुरतगढ़ के निवासी डा. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा ने ऐसा कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी कामयाबी से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। बता दें कि बीडीपीओ डा. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा ने इससे पहले वर्ष 2023 में 352 रैंक हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने कार्यभार नहीं संभाला। बीडीपीओ डा. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में प्रशासनिक सेवा होने के कारण आरएएस की पढ़ाई करना मुश्किल हो गया था। कार्य की अधिकता के कारण समय मिलना मुश्किल था। आरएएस की परीक्षा में मंजिल पाने के लिए रात्रि के समय 2 से 3 घंटे तक पढ़ाई की। वहीं दोस्त पुष्पेंद्र चाहर अध्यापक ने समय समय पर पूरा साथ देने के साथ हौंसला दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## सांसद ने की लाइब्रेरी के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा

# धन्ना भगत जी का जीवन सादगी और भक्ति का संगम

**धारसूल गांव में किया जाएगा एक आधुनिक पुस्तकालय के निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष ने मंगलवार को धन्ना भगत जयंती के पावन अवसर पर संत शिरोमणि श्री गुरु भगत धन्ना जाट सेवा समिति ट्रस्ट धारसूल द्वारा गांव धारसूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा और ज्ञान से जोडऩे के इस पुनीत अवसर पर, राज्यसभा सांसद ने धारसूल गांव में एक आधुनिक पुस्तकालय के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। सांसद सुभाष ने उपस्थित जनसमूह से आत्मीय संवाद करते हुए संत शिरोमणि धन्ना भगत जी के प्रेरणादायी जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।



टोहाना। जयंती समारोह में भाग लेते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

### धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति के प्रतीक

धन्ना भगत जी का जीवन सादगी, अटूट भक्ति, आस्था और कर्मठता का अनुपम संगम है, जो आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत जी ने अपने जीवन के माध्यम से यह सिद्ध किया कि सच्ची श्रद्धा और ईश्वर के प्रति समर्पण से असंभव भी संभव हो जाता है। सांसद ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जो समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे ऐसे आयोजनों से जुडक़र अपने इतिहास और परंपराओं को समझें तथा राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को संत धन्ना भगत जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय ग्रामीण युवाओं को उच्च शिक्षा, पठन-पाठन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक उत्कृष्ट और जनहितैषी मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर महंत संतपुरी जी महाराज, मार्किट कमेटी चेयरमैन रामेहर, वाइस चेयरमैन लाला हेमराज, सरपंच एसोसिएशन प्रधान रणबीर गिल, सरपंच सतगुरु, रणबीर मंडेरना, बलदेव मंडेरना, रमन मड़िया, दलजीत नैन, युवा समिति धारसूल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 5 साल पुराने ड्रग्स मामले का मुख्य सप्लायर राजस्थान से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस टीम ने 5 साल पुराने एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित मुख्य सप्लायर को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया है। थाना जाखल प्रभारी उप-निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई 29 मई 2019 को दर्ज हुए एक मुकदमे के संदर्भ में की गई है। उस समय चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से 18 किलोग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ था। उस समय पुलिस ने मौके पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य सप्लायर तब से ही पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। फरार चल रहे नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर तफ्तीश को आगे बढ़ाया। सूचना मिली कि मुख्य सप्लायर उदयपुर में छिपा है। पुलिस ने राजस्थान के अधवास में छापेमारी कर आरोपी ईश्वर सिसोदिया पुत्र शंभू सिंह को दबोच लिया।